आज का मौसम
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

39.2° अधिकतम तापमान | 23.0 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:31 | सूर्यास्त 06:41

## शहर में आज

- **प्रशिक्षण :** राजकीय पॉलीटेक्निक में कर्मिकों का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में पदाधिकारियों व बूथ प्रभारियों के बीच बैठक दोपहर दो बजे।
- **युवा सम्मेलन :** भाजपा युवा सम्मेलन का आयोजन पनकी स्थित राहुल कैसल में दोपहर तीन बजे।
- **कार्यक्रम :** एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा आवास विकास ब्रह्मदेव चौराहा शिवम पैलेस में एनजीओ सम्मेलन पांच बजे।

## एक नजर

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** बर्रा-सात निवासी 28 वर्षीय कमल वर्मा उर्फ कल्लू मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी ममता और तीन बच्चे हैं। बड़े भाई विमल ने बताया कि दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद कमल ने देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने देखा तो कमल का शव फंदे पर लटकता मिला।

### तीन मई की रात से शहर में रहेगी नो इंट्री

कानपुर। चार मई को शहर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के मद्देनजर तीन मई की रात से शहर में बाहरी वाहनों के प्रवेश रोक दिया जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि तीन मई की रात 10 बजे से चार मई रात 10 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश बंद रहेगा।

### परिवार पर हमला

**कानपुर।** सीसामऊ द्वारिकापुरी निवासी सावित्री देवी के अनुसार रविवार की रात्रि को उनके तीनों बेटे घर पर थे। मोहल्ले के अंकुर, सोभीत, वविल समेत अन्य लोग नशे में आकर घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो हमला कर दिया।

# नगर निगम में चेहरा दिखाकर अब दर्ज की जाएगी उपस्थिति

## पहली बार आउटसोर्स और संविदा कर्मचारी की भी लगेगी फेस रीडिंग से हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचना होगा। एक मिनट भी हाजिरी देर से लगने पर वह अनुपस्थित हो जाएंगे। नगर आयुक्त के निरीक्षण में लगातार अधिकारियों व कर्मचारियों के गायब मिलने के बाद सख्ती कर दी गई है। एक मई से नगर निगम मुख्यालय में तैनात नियमित, आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की फेस रीडिंग से हाजिरी लगेगी। जिसके निर्देश जारी होने के बाद हड़कंप मच गया।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर मंगलवार को मुख्यालय में कैम्प लगाकर कर्मचारियों और अधिकारियों का डाटा फीडिंग होने लगा। मल्टीफेसट सॉफ्टवैयर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को विभाग की ओर से अभी मुख्यालय में तैनात 793 कर्मचारियों की सूची दी गयी है।



नगर निगम में कैंप लगाकर डाटा फीडिंग करते कंपनी के कर्मचारी। अमृत विचार

### मुख्यालय के बाद जोनलों में होगी व्यवस्था

नगर निगम में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की अटेंडेंस प्रक्रिया शुरू होने के बाद जोनलों में भी यह व्यवस्था लागू होगी। नगर निगम के सभी छह जोन में तैनात कर्मचारियों की भी हाजिरी फेस रीडिंग से होगी।

जिन कर्मचारियों को डाटा फीट हो गया है वह बुधवार से फेस रीडिंग के जरिये हाजिरी लगाएंगे। नगर निगम में तैनात 4500 आउटसोर्स कर्मचारी हैं। जिसमें से तीन हजार सफाई कर्मचारी और 1500 अन्य कर्मचारी हैं। अभी सभी की हाजिरी रजिस्टर में दर्ज होती है। नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में मुख्यालय में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी लगातार गायब मिल रहे थे। यहां तक की नागरिक सुविधा केंद्र में तैनात कर्मचारी भी समय से सीट पर नहीं बैठते थे। जिसपर अधिकारियों ने सख्ती बढ़ा दी है।

**45** सौ आउटसोर्स कर्मचारी हैं कुल

**03** हजार सफाई कर्मचारी हैं तैनात

**793** कर्मचारियों की सूची तैयार

### आने-जाने की हो रही थी मॉनीटरिंग

- विभाग में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी कई बार सुबह देर से आते थे। इतना ही नहीं आठ घंटे काम न कर समय से पहले ही वह गायब भी हो जा रहे थे। जब नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त ने इसकी मॉनीटरिंग की तो मामला खुल गया। इसके बाद ही नगर आयुक्त ने फेस रीडिंग से हाजिरी लगाने के निर्देश दिये हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार तीन दिन बिना जानकारी दिये गायब रहने वाले आउटसोर्स कर्मचारी की नौकरी समाप्त कर दी जायेगी।

# दहेज के लिए तीन तलाक देने का आरोप लगाया

**कानपुर।** रेलबाजार में एक महिला ने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों पर मारपीट करने के साथ तीन तलाक देकर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने रेलबाजार थाने में मामले की शिकायत की है और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेलबाजार निवासी तबस्सुम निशा के अनुसार उनका विवाह जुलाई 2023 में चौबेपुर निवासी युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ माह बाद ही पति समेत सास, ससुर और देवर दहेज में तीन लाख रुपये और एक बाइक देने की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपी उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। अक्सर मारपीट किया करते थ। पीड़िता ने बताया कि 25 अप्रैल को ससुरालीजनों ने फिर दहेज के लिये पीटा। इसका विरोध करने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। जिसके बाद उन्होंने रेलबाजार थाने में शिकायत की है। इस संबंध में रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में दो कर्मचारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लापरवाही बरतने और सत्यापन न करने का आरोप
- 9 आरोपियों पर पहले ही दर्ज हो चुकी है एफआईआर

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में मंगलवार को शिक्षा विभाग के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। दोनों पर प्रथम दृष्टया कार्य में लापरवाही बरतने और फर्जी ई-मेल के जरिये आए पैनल में शामिल शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन न करने का दोषी पाया गया है। विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

शिक्षा विभाग ने प्रधान सहायक राजन टंडन और वरिष्ठ लिपिक सुनील कुमार को सस्पेंड कर दिया है। दोनों लिपिकों को अपने कार्य को सही तरीके से न करने का आरोप है। उन्होंने फर्जी ई-मेल में शामिल पैनल में शिक्षकों के अभिलेखों का ठीक से सत्यापन नहीं किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अरण कुमार ने कहा कि दोनों कर्मचारियों को प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया है। इस घोटाले में नौ आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। यह वे आरोपी हैं जिनके नाम फर्जी ई-मेल के जरिए शिक्षा विभाग को भेजे गए थे। इन आरोपियों में अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, अशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी के नाम शामिल हैं।

### यह है पूरा मामला

माध्यमिक शिक्षा विभाग में अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई-मेल में शिक्षकों की नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में 9 शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने बालिका इंटर कॉलेज में नौकरी भी शुरू कर दी थी। उनके वेतन का भुगतान भी होने लगा था। बीते शनिवार को यह खुलासा हुआ कि एडी माध्यमिक की ओर से जिले में आई मेल फर्जी थी। मेल आईडी में छोटा सा हेरफेर कर उसे भेजा गया था। उसके बाद से शिक्षा विभाग की ओर से प्रकरण की जांच शुरू की गई है।

# किशोर और किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** जाजमऊ व चकेरी में किशोरी व किशोर लापता हो गए। अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

चकेरी न्यू आजाद नगर निवासी दिनेश कुमार साहू ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा आदर्श साहू 28 अप्रैल की शाम को बिना बताए घर से कही चला गया। उसका कुछ पता न चल सका। चकेरी थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, जाजमऊ निवासी पिता के अनुसार 23 अप्रैल को उनकी 17 वर्षीय बेटी लापता हो गई। जानकारी करने पर पता चला कि अशरफाबाद निवासी सुभान खान बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश कर रहे है।

# होटल से कैश व मोपेड लेकर भागा कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र की घटना, रिपोर्ट दर्ज
- कैमरे में कैद हुई घटना, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल का कर्मचारी कैश काउंटर में रखे करीब सवा दो लाख रुपये की नकदी समेत गाड़ी व फोन चोरी करके भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चकेरी पीएसी रोड गिरिजा नगर निवासी विवेक गुप्ता ने बताया कि उनका एक होटल दानाखोरी हरवंश मोहाल में है। सोमवार को वह अपने घर आये हुये थे। जब सुबह उन्होंने सुबह होटल के कर्मचारी रोहित को फोन मिलाया तो उसका फोन बंद जा रहा था। इस पर वह होटल पहुंचे तो देखा कि रिसेप्शन के कैश काउंटर पर रखे सवा दो लाख रुपये, गाड़ी (टीवीएस मोपेड), मोबाइल फोन समेत अन्य सामान गायब था। साथ ही कर्मचारी भी लापता था। इस पर उन्होंने सीसीटीवी चेक किया तो आरोपी कर्मचारी रोहित चोरी करते कैद हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत हरवंश मोहाल थाने में की। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में टीएसएच को गोल्ड समेत सात पदक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 26 से 28 अप्रैल तक आयोजित हुई कानपुर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट सीरीज

**अमृत विचार।** कानपुर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन और रागेन्द्र स्वरूप स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित फर्स्ट कॉस्को कानपुर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट सीरीज में टीएसएच के खाते एक गोल्ड समेत कुल सात पदक आए। 26 से 28 अप्रैल तक चले टूर्नामेंट में शहर से करीब 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें टीएसएच के लाइफ टाइम मेंबर्स ने बेहतर खेल दिखाते हुए पदक जीते।

लखनपुर स्थित रागेन्द्र स्वरूप स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित हुई इस बैडमिंटन टूर्नामेंट सीरीज में द



प्रमाण पत्र प्राप्त करती आद्या गोयनका।

स्पोर्ट्स हब के लाइफ टाइम मेंबर अनुग्रह गुप्ता ने अंडर 19 ब्वायज डबल्स में गोल्ड मेडल जीता है। हब के ही लाइफ टाइम मेंबर वियान माहेश्वरी ने अंडर 9 बॉयज सिंगल्स में कांस्य जीता है। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस की क्रिताची तिवारी ने अंडर 19 गर्ल्स डबल्स, रोहिणी पांडे ने अंडर 19 गर्ल्स डबल्स, लक्ष्मी शुक्ला ने अंडर 19 गर्ल्स डबल्स, नमन यादव ने अंडर-19 बॉयज डबल्स और अनिरुद्ध गौड़ ने अंडर 15 बॉयज सिंगल्स में कांस्य पदक जीता है। टीएसएच के बोर्ड आफ डायरेक्टर प्रणीत अग्रवाल ने बैडमिंटन खिलाड़ियों और उनके कोच शिवांश और लीसा एंजेली को बधाई दी है।

# प्रेमी ने दी जान से मारने की धमकी

**कानपुर।** चकेरी थाने पहुंचकर एक युवक ने पुलिस से आरोप लगाया है कि पत्नी के अवैध संबंध का विरोध करने पर आरोपी प्रेमी ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

सनिगवां निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया पिछले एक साल से उनकी पत्नी का इलाके के ही एक युवक से अवैध संबंध है। उन्होंने विरोध किया। इस पर आरोपी प्रेमी ने उन्हें जान से मारकर शव को फेकने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि उसकी हत्या के लिये पत्नी भी प्रेमी के साथ मिलकर प्रयास कर रही है। उन्होंने मामले की शिकायत सनिगवां चौकी में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने मंगलवार को चकेरी थाने में की। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एनएसआई की पहली महिला निदेशक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौजूदा निदेशक प्रो. डी स्वाईन के रिटायर होने पर कार्यभार ग्रहण किया
- संस्थान में 5 डिग्री कोर्स शुरू करने को बताई अपनी प्राथमिकता

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की पहली महिला निदेशक प्रो डॉ. सीमा परोहा बनी हैं। उन्होंने मौजूदा निदेशक प्रो डी स्वाईन के रिटायर होने के बाद कार्यभार ग्रहण किया है। निदेशक बनने के बाद उन्होंने संस्थान में चल रहे 9 डिप्लोमा कोर्स को डिग्री कोर्स में परिवर्तित किए जाने को अपनी पहली प्राथमिकता बताई है। यह भी कहा है कि सबसे पहले 5 कोर्स को डिग्री कोर्स के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने संस्थान को विश्वस्तरीय बनाए जाने पर भी जोर दिया।

संस्थान की नई निदेशक प्रो डॉ. सीमा परोहा संस्थान की पहली महिला शिक्षिका भी रही है। उन्होंने वर्ष 2014 में एनएसआई में बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट में उन्होंने बतौर शिक्षक कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद उन्होंने लगभग दस वर्षों तक बायो गैस, सीएनजी, एथेनॉल अल्कोहल पर शोध कार्य किया है।



राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की निदेशक डॉ. सीमा परोहा। अमृत विचार

निदेशक बनने के बाद सीमा परोहा ने कहा कि संस्थान मोजूदा दौर में विदेश के कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। लगभग दो दर्जन देशों में संस्थान की ओर से तकनीक व विशेषज्ञों के जरिए गन्ना उत्पादन की उन्नत तकनीक पर सहायता की जा रही है।

इसके अलावा उन्होंने संस्थान में खासतौर पर छात्राओं की भागीदारी बढ़ाए जाने पर भी प्रयास किए जाने को कहा है। यह भी बताया कि वे विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के साथ बातचीत कर संस्थान के छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता से रोजगार दिलाए जाने की बात कही है। उधर उन्होंने संस्थान के सेंटर फॉर एक्सिलेंस ऑफ बायोफ्यूल के जरिए भी बेहतर शोध कार्य किए जाने की बात कही। इस सेंटर के जरिए आईआईटी कानपुर और राष्ट्रीय शर्करा संस्थान एक साथ मिलकर कार्य करेगा।

# फैक्ट्री व रेडीमेड दुकान में शार्ट सर्किट से आग

**कानपुर।** बुधवार तड़के दादा नगर फैक्ट्री एरिया में शार्ट सर्किट से नमकीन फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। वहीं किदवई नगर चौराहे के पास ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग ने पास ही स्थित साड़ी की दुकान को चपेट मे ले लिया।

पनकी फैक्ट्री एरिया साइट पांच में सुनील मनवानी की नमकीन की फैक्ट्री है। सुबह शार्ट सर्किट से फैक्ट्री में आग लग गई। करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सुनील ने बताया कि आग से उनका लाखों का माल जलकर खाक हो गया। वहीं मंगलवार दोपहर किदवई नगर चौराहे के पास स्थित ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग ट्रांसफार्मर के पास स्थित अभय सिंह की रेडीमेड कपड़ों व साड़ी की दुकान तक पहुंच गई।

# खेतों से आग स्कूल तक पहुंची, एक झुलसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में आम्रपाली विहार के खेतों में भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण कुछ ही देर ने आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने पास के स्कूल के पिछवाड़े से बोर्ड और गेट को चपेट में ले लिया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को बाहर निकाला और अभिभावकों को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग को डेढ़ घंटे में काबू पा लिया। आग बुझाने के दौरान एक स्कूल कर्मी झुलस गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 11:54 बजे मिनी कंट्रोल पर सूचना मिली कि नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत मैनावती मार्ग पर आम्रपाली विहार श्री गोपाल जी धाम मंदिर श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के बगल में खेतों में भीषण आग लगी है।



आग से जला स्कूल का बोर्ड।

- नवाबगंज थानाक्षेत्र के आम्रपाली विहार में हुई घटना
- स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सकुशल बाहर निकाला

दमकलों ने आग को चारों तरफ से घेरकर करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पूर्ण रूप से बुझाया। पास के जीडीएस स्कूल तक आग पहुंच गई। स्कूल के संचालक अशोक कुमार अवस्थी ने बताया कि अभी मात्र सात बच्चों ने एडमिशन लिया है। जिसमें से चार बच्चे आए नहीं थे। सबमर्सिबल पंप चलाकर पानी डाला। आग ने पीछे से स्कूल के बोर्ड और गेट को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की गाड़ी का पानी खत्म हो गया तो पड़ोसियों ने घर से पाइप से उन लोगों की मदद की। स्कूल की आग बुझाने में प्रबंधन के डीपी सिंह के दोनों हाथों से झुलस गए।



खेत में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### महाराजपुर में खेत और पेड़ में लगी आग

महाराजपुर थानाक्षेत्र में यूपीएसआईडीसी रूमा में खेत में आग लग गई। वहीं ग्राम हाथीपुर में पेड़ों में आग लग गई। जाजमऊ और नरवल से दमकलों ने पहुंचकर आग बुझा दी। इसी तरह ग्राम प्रेमपुर में खेत में आग लग गई। ग्राम सुभौली छतमारा में घूरे में आग लग गई। अग्निशमन वाहनों ने आग बुझाई।

पहल | बेटी को ढोल-ताशों के साथ विदा कराकर मायके लाए पिता, पति और सुसरालीजनों की प्रताड़ना से तंग थी इंजीनियर बेटी

# बेटी को बोझ न समझें, ससुराली सताएं तो गर्व से मायके ले आएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेटियां परिवार के लिए बोझ नहीं है, शादी के बाद भी पिता का घर उनका अपना घर होता है। ससुराल में प्रताड़ना बेटियों को झेलने की जरूरत नहीं है। मां बाप लाड-प्यार से पली बेटी को बहुत आशाओं के साथ विदा करते हैं। यह बातें समाज को समझनी होंगी। तलाक से समाज में होने वाली बदनामी के डर से मायका पक्ष भी बेटियों पर अनावश्यक दबाव डालता है, जो सही नहीं है। हमने तलाक के बाद बेटी को बैंड-बाजे संग मायके लाकर समाज को संदेश दिया है कि बेटी बोझ नहीं है। यह बात बीएसएनएल से रिटायर्ड निराला नगर निवासी अनिल कुमार सविता ने कही। वे सुसरालीजनों की प्रताड़ना से तंग बेटी को तलाक के बाद धूमधाम से वापस मायके ले आए हैं।



बेटी को ढोल-ताशों के साथ ससुराल से विदा कराते पिता और अन्य परिजन। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि उनकी बेटी उर्वी दिल्ली की एक प्रतिष्ठित कंपनी में इंजीनियर है। जनवरी 2016 में बेटी की शादी चकेरी, विमान नगर निवासी गोपाल प्रसाद के इंजीनियर बेटे आलोक रंजन से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजनों ने दहेज, रंग रूप समेत अलग-अलग कारणों से बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। लेकिन उसने कभी उफ तक नहीं किया। वह घुट-घुट कर जी रही है इसका खुलासा तो तब हुआ जब वह वर्ष 2018 में गर्भवती हुई। रूंधे गले से पिता ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान वह दिल्ली में पति के साथ थी। देखभाल के लिए मां कुसुमलता को उसके पास भेजा, तब हकीकत पता चली।

मां कुसुमलता ने बताया कि गर्भावस्था के नाजुक दौर में भी बेटी पति की उपेक्षा का शिकार थी। दवा, खानपान, डॉक्टर के पास तक वह अकेले जाती थी, पति अपनी अलग दुनिया में मगन था। 19 फरवरी को बेटी ने पुत्री को जन्म दिया तो प्रताड़ना और बढ़ गई, ससुरालीजनों ने उसकी खबर तक नहीं ली।

### जिंदगी बहुत बड़ी, बेटी से चर्चा कर करेंगे फैसला

अनिल के मुताबिक उन्होंने समझौते के लिए बहुत प्रयास किए कि बेटी का परिवार न टूटे। कई बार ससुरालीजनों से बात भी की लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद मीडिएशन में मामला गया, जहां तलाक फाइनल हुआ। उन्होंने कहा कि बेटी बोझ नहीं है, जिस तरह ढोल नगाड़े के साथ उसे बहू बना कर भेजा था। उसी तरह उसे बेटी बना कर वापस ले आए। अभी बेटी की बहुत बड़ी जिंदगी है, आगे के जीवन पर उससे चर्चा करने के बाद ही फैसला लेंगे।

### गलती मेरी ही थी, बेटी के लिए सही घर न ढूंढ पाया

अनिल ने बताया कि इस मामले में कहीं न कहीं वह खुद को भी दोषी मानते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी को खूब पढ़ाया। उसको अपने पैरों पर खड़ा किया, लेकिन उसके लिए एक सही घर-परिवार न ढूंढ पाया, इसका मुझे मलाल है। बेटी ने तो पिता पर आंख बंद कर भरोसा किया, जहां विदा किया वहीं की होकर चली गई थी।

### दीवार पर लिखा, चौखट पर न आए कोई लक्ष्मी

उर्वी शादी में जो चुनरी ओढ़ कर ससुराल आई थी, वो चुनरी ससुराल की चौखट पर ही बांध आई। इस तरह से ससुराल से विदा होगी यह उसने सोचा नहीं था। आंसुओं के साथ उर्वी ने अपनी कुंठा ससुराल की दीवारों पर लिखी। उर्वी ने लिखा कि भगवान करे अब इस चौखट पर कोई लक्ष्मी न आए।

# हिस्ट्रीशीटर और सपा के नेता का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- असलहों के साथ डांस कर रहे पुलिस कमिश्नर ने दिए कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचार।** सपा नेता पिंटू ठाकुर, हिस्ट्रीशीटर समेत पांच लोगों को असलहों के साथ डॉस करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में फिल्मी गीत की धुन पर सभी थिरकते नजर आ रहे हैं। इनके हाथों में असलहे हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में सपा नेता पिंटू ठाकुर, कलक्टरगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर ज्ञानू बाजपेई, पूती चंदेल समेत पांच लोग नजर आ रहे हैं। यह सभी एक फिल्मी गीत की धुन पर डांस करते दिख रहे हैं। इनके हाथों में असलहे हैं जो ये लोग लहरा रहे हैं। वीडियो कब और कहां का है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। वायरल वीडियो को पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# संचारी रोग और दस्तक अभियान कहां चला, कुछ भी पता नहीं

## जिले में एक अप्रैल से शुरू हुआ था संचारी रोग नियंत्रण अभियान, कोई प्रभाव नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पॉश इलाके स्वरूप नगर में फैला पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान कब शुरू हुआ, कहां चला और क्या लाभ मिला, यह जिलेवासियों को पता तक नहीं चल सका। जबकि संचारी रोग अभियान के संबंध में अधिकारियों ने कई बार बैठकें कीं। उसका असर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नजर नहीं आया। अधिकारियों ने कागजी कार्यवाही पूरी कर अपनी पीठ थपथपाकर खुद ही वाहवाही लूट ली, लेकिन गंदगी और बीमारी पर अंकुश नहीं लग सका।

जिला अस्पताल उर्सला हो या संयुक्त जिला अस्पताल मान्यवर कांशीराम अस्पताल या कमलापत मेमोरियल अस्पताल सभी में संचारी रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। हैलट अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बीमार मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यही हाल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी है। अस्पतालों में प्रतिदिन खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, शरीर में कमजोरी, उल्टी-दस्त, सिर व पेट दर्द समेत आदि समस्या से ग्रस्त मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें महिला, युवा, बुजुर्ग, पुरुष व बच्चे सभी वर्ग लोग शामिल हैं। इन संचारी रोगों पर काबू पाया जा सके, इसलिए शासन स्तर से एक अप्रैल को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसका नोडल स्वास्थ्य विभाग को बनाया गया था। वहीं, 10 अप्रैल से स्वास्थ्य विभाग ने जोरशोर के साथ दस्तक अभियान की शुरुआत की, लेकिन दोनों ही अभियानों का असर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में नजर नहीं आया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी फैली है और मच्छरों का आंतक हैं, जिसकी वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही अन्य विभाग के अधिकारी दोनों अभियान को कागजों में पूरा कर रिपोर्ट तैयार करने में जुट गए हैं। लोगों से कुछ छुपा नहीं है।

### टीम का प्रदर्शन काफी अच्छाः सीएमओ

- सीएमओ डॉ .आलोक रंजन के मुताबिक संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। आशा व आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बीमार लोगों की सूची तैयार की है। साथ ही जिन क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या अधिक है, वहां पर फॉगिंग मशीन से छिड़काव कराया गया है। गंदगी साफ करने का काम दूसरे विभाग का है।

### अंतर्विभागीय समन्वय भी लापता

- मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुधीर कुमार ने मार्च माह में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में 12 विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय पर हो जोर देने का निर्देश दिया था। अभियान में ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, दिव्यांग कल्याण विभाग, सूचना विभाग, संस्कृति विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग समेत 12 विभाग शामिल किए थे। स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभाग की भूमिका नजर नहीं आई।

# जैव ऊर्जा के लिए संसाधनों पर चर्चा

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में मंगलवार को जैव ऊर्जा के लिए संसाधनों की योजना और अनुकूलन" विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। यह संगोष्ठी राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, एशियन एसोसिएशन ऑफ शुगर केन टेक्नोलॉजिस्ट, लखनऊ और स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड, चंडीगढ़ की ओर से आयोजित की गई। संगोष्ठी की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो डी. स्वाईन ने की। सेमिनार में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के महानिदेशक संभाजी के पाटिल, जैव रसायन विभाग प्रमुख प्रो डॉ. सीमा परोहा, एशियन एसोसिएशन ऑफ शुगर केन टेक्नोलॉजिस्ट के अध्यक्ष केपी सिंह, स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विवेक वर्मा और एशियन एसोसिएशन ऑफ शुगर केन टेक्नोलॉजिस्ट के महासचिव पीकेएन सिंह ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर विशेषज्ञों ने कहा कि केवल चीनी उद्योग से प्राप्त फीडस्टॉक और अनाज का उपयोग करके, पेट्रोल में लक्षित 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रण 2025 तक प्राप्त नहीं किया जा सकता। गैर-खाद्य फीडस्टॉक से एथेनॉल उत्पादन पर जोर देना होगा। जो भोजन बनाम ईंधन संघर्ष से भी बचाता है।

# दूषित पानी-भोजन से हेपेटाइटिस ए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुपर स्पेशियलिटी की गैस्ट्रो ओपीडी में प्रतिदिन तीन मरीज मिल रहे
- बुखार, भूख कम लगना और कमजोरी हैं इस बीमारी के मुख्य लक्षण



**अमृत विचार।** अगर आपके भी पेट के दाएं हिस्से में दर्द रहता है तो ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है। ये हेपेटाइटिस ए, ई और सीवियर हेपेटाइटिस के लक्षण भी हो सकते हैं। इसकी मुख्य वजह वायरल, दूषित पानी, दूषित खाद्य पदार्थ व बासी भोजन है। इन संक्रमण की गिरफ्त में आकर लोग बीमार हो रहे हैं, जिससे बेहोशी भी होती है। दर्द व लक्षणों को नजरअंदाज करने पर मरीजों को भर्ती तक करने की नौबत आ रही है।

शहर में वायरल का प्रकोप तेज होता जा रहा है। वायरल की गिरफ्त में आकर लोगों को जहां खांसी, जुकाम, बुखार, सिर में दर्द, चक्कर आना, उल्टी-दस्त आदि समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूषित पानी और बासी भोजन भी लोगों को बीमार कर रहा है। वायरल और दूषित पानी की वजह से लोग हेपेटाइटिस ए और ई की गिरफ्त में आकर जीएसवीएसएस पीजीआई की गैस्ट्रोइंटोलॉजी ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

ओपीडी में प्रतिदिन तीन से चार मरीज हेपेटाइटिस ए और ई पॉजिटिव पाए जा रहे हैं।

गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट डॉ.विनय कुमार ने बताया कि भूख कम लगना, बुखार आना, मिचली आना, कमजोरी व जोड़ों में दर्द होने पर लापरवाही न करते हुए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में पीलिया और सिवियर हेपेटाइटिस हो सकता है, तब पेट में दाएं हिस्से में दर्द बना रहता है। प्रतिदिन ओपीडी में ऐसे तीन से चार मरीज आ रहे हैं और एक सप्ताह में चार मरीजों को भर्ती तक करना पड़ रहा है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं।

### बिना हाथ धोए खाना खाने से भी बीमारी

डॉ .विनय कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस एक संक्रामक बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे में फैलती है। गंदे हाथों से खाना बनाना और खाने से संक्रमण फैलने का खतरा होता है। इससे बचाव आवश्यक है। हेपेटाइटिस ए और ई के फैलाव का खतरा आमतौर पर मानसून और इसके आसपास के मौसम में ज्यादा होता है। दूषित पानी के कारण और बासी व दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन यह समस्या बढ़ती है। व्यक्तिगत स्वच्छता पर खास ध्यान देकर इसकी रोकथाम की जा सकती है।

### ऐसे करें बचाव

- शुद्ध पानी का सेवन करें।
- भोजन को हमेशा ढक कर ही रखें।
- घर का बना, साफ सुथरा व ताजा भोजन ही खाएं।
- फलों को स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोकर खाएं।
- खाना पकाने और परोसने से पहले हाथों को ठीक से धुलें।
- कटे हुए फल न खरीदे, न ही ज्यादा देर तक बाहर रखे कटे फल खाए।
- शौच जाने के बाद और खाना खाने के पहले हाथों को अच्छी तरह धोएं।

# किसना के उत्पादों की खासियतें बताईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




उत्पादों की जानकारी देते कंपनी पदाधिकारी। अमृत विचार

- किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने आयोजित किया समारोह

**अमृत विचार।** हरि कृष्णा ग्रुप के किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने रिटेल पार्टनर्स के लिए बिजनेस मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उद्योग के रुझानों पर गहन चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना था। इसके अलावा किसना फ्रैंचाइज़ी स्टोर्स के सफल कार्यान्वयन के लिए अपने पुराने व्यापार भागीदारों के साथ सहयोग करना था।

बिजनेस मीट एंड ग्रीट में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह मौजूद रहे। उन्होंने अपने रिटेल पार्टनर्स के साथ उद्योग अवलोकन और किसना के उत्पाद और सेवा की पेशकश, व्यवसाय विकास रणनीतियों के साथ-साथ इनोवेटिव किसना शॉप-इन-शॉप ब्रांड कॉर्नर जैसे विभिन्न पहलुओं को शामिल किया। कार्यक्रम में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि कानपुर में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

# पार्क में मिला हलवाई का शव

**कानपुर।** फजलगंज गडरियनपुरवा इलाके में स्थित पार्क में हलवाई का शव मिला। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सहकर्मियों का कहना है कि गर्मी के चलते उल्टियां हुई और कुछ देर बाद मौत हो गई।

काकादेव के राजापुरवा निवासी 35 वर्षीय अंशू पांडेय हलवाई का काम करते थे। वह चार साथियों के साथ गडरियन पुरखा में एक शख्स के यहां आयोजित कार्यक्रम में खाना पकाने आए थे। सहकर्मियों ने पुलिस को बताया कि रात में अंशू की हालत अचानक बिगड़ गई। उल्टियां होने लगी। इस पर वह पास स्थित आदर्श पार्क में जाकर लेट गए और कुछ देर बात सांसे थम गई। चौकी प्रभारी सुनीत शर्मा ने बताया कि सहकर्मियों ने हलवाई की गर्मी से हालत बिगड़ने से मौत की बात कही है।

# डंपर ने पति-पत्नी को रौंदा, बेटा गंभीर

संवाददाता, महाराजपुर



घटनास्थल पर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

- आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन
- सीमा विवाद में घंटों फंसी रही पुलिस

**अमृत विचार।** महाराजपुर में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक से जा रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को टक्कर मार दी। जिसमें पति पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। एसीपी और एसडीएम मौके पर पहुंचे। परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के गांव तिलसहरी खुर्द निवासी मुंशीलाल निषाद (58) पत्नी नन्हकी देवी (55) बेटे श्रीराम के साथ सुबह लगभग आठ बजे बाइक से फतेहपुर के जहानाबाद जा रहे थे। टौंस रोड पर घाटूखेड़ा मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी लदे डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा बेटा श्रीराम उछलकर सड़क के किनारे जा गिरा जबकि मुंशीलाल और उनकी पत्नी पहियों के नीचे आ गए। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद लोगो में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद तक महाराजपुर और नरवल थाने की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही और शव सड़क पर ऐसे ही खुले पड़े रहे। घायल श्रीराम भी वहां तड़पता रहा। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने तिलसहरी _टौंस मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार और एसडीएम नरवल ने लोगो को शांत कराया।

घटना के बाद डंपर चालक कुछ दूरी पर डंपर छोड़ मौके से फरार हो गया। एसओ महाराजपुर ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है। घायल को अस्पताल भेजा गया है।

# जगदीश अध्यक्ष व दीपक प्रबंधक

**कानपुर।** जनरलगंज स्थित उमा जगदीश मंदिर में श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा कमेटी का त्रैवार्षिक ( 2024 - 27 ) निर्वाचन मंगलवार को हुआ। जगदीश चंद्र गुप्ता को अध्यक्ष, राजू गुप्ता को उपाध्यक्ष, सुरेश चंद्र गुप्त को मंत्री, श्री जगदीश नारायण को उपमंत्री, अरविंद कुमार गुप्ता को अर्थ मंत्री व संजय कुमार को सांस्कृतिक व प्रचार मंत्री बनाया गया। मंदिर प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, जलूस संयोजक गोपाल कृष्ण गुप्ता, तख्त झांकी संयोजक अरूण कुमार गुप्ता और रिशाला संयोजक मनीष कुमार गुप्ता बने। कार्यकारिणी सदस्य में रज्जन लाल गुप्ता आदि हैं।

# इसी साल पूरा होगा रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्यः डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने किया स्टेशनों का निरीक्षण
- गोविंदपुरी व पनकीधाम रेलवे स्टेशन को टर्मिनल बनाए जाने की भी योजना

**अमृत विचार।** प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने मंगलवार को स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बन रहे पनकी व गोविंदपुरी स्टेशनों पर भविष्य की योजनाओं पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। इन दोनो ही स्टेशनों को टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा सकता है। अमृत भारत योजना के तहत कार्य को दिसंबर से पहले पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

डीआरएम हिमांशु बडोनी सुबह निरीक्षण यान स्पेशल ट्रेन 'परख' से विंडो ट्रॉलिंग निरीक्षण करते हुए सुबह करीब 11.30 बजे पनकी धाम स्टेशन पहुंचे। उन्होंने पनकी धाम स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने प्लेटफार्म में मिलने वाली यात्रियों को सुविधाओं, लोड क्षमता, ट्रेनों की आवाजाही को भी परखा। पनकी में पुराने गुडशेड को नए सिरे से तैयार करने पर मंथन किया , जबकि जूही यार्ड के पास चौथी रेलवे लाइन बनाने की संभावना का ख़ाका खींचा गया। यहां के बाद गोविंदपुरी स्टेशन के कार्या का जायजा लिया। जीएमसी यार्ड के अलावा लोको शेड और जीएमसी रनिंग रूम भी गए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, एसीएम संतोष त्रिपाठी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




### खाली जमीन पर दुकानें

प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने मंगलवार को अनवरगंज, गोविंदपुरी और पनकी धाम स्टेशनों का निरीक्षण किया। यहां की खाली जमीन के व्यावसायिक इस्तेमाल की योजना परखी। उन्होंने साउथ कालोनी, आरई कालोनी, गोविंद नगर कालोनी, निराला नगर कालोनी की जगहों पर दुकानें, मॉल, होटल की संभावना तलाशीं।

# सबमर्सिबल के विवाद में वृद्ध की हत्या

संवाददाता, बिधनू

- पारिवारिक भाई-भतीजों ने पीट-पीट कर मारा

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र अंतर्गत घर के बाहर सबमर्सिबल लगाने को लेकर हुए विवाद में परिवारिक भाई व भतीजों ने वृद्ध को सीने पर लात -घूसें मारते हुए बेदम कर दिया। गंभीर हालत में वृद्ध के परिजन उसे बिधनू सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

बिधनू मंझावन कस्बा निवासी उमाशंकर गुप्ता (60) किसान थे। परिवार में पत्नी मंजू दो बेटे और दो बेटिया हैं। बेटे आनंद ने बताया कि उनके पारिवारिक ताऊ भोला अपने लड़कों के साथ मिलकर आये दिन उनके परिवार वालों को परेशान किया करते हैं। आरोप है कि मंगलवार के दिन घर के बाहर सबमर्सिबल बोर हो रहा था जिसको लेकर भोला अपने लड़कों के साथ मौके पर आया और सबमर्सिबल बोरिंग वाली जगह को खुद की जगह बताकर बोरिंग करने से मना करने लगा।

उन्होंने विरोध किया तो पिता उमाशंकर के साथ मारपीट कर उन्हें बेदम कर दिया और मौके से भाग निकले। घायल उमाशंकर को बिधनू सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### चार फुट की गैलरी का पुराना विवाद

मृतक के परिजनों ने बताया कि ताऊ भोला ने उनके घर के आधे हिस्से में जबरन कब्जा कर रखा है। कई बार पुलिस से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। उनके हिस्से में चार फुट की गैलरी आई थी उसके बाद भी ताऊ भोला को सकून नहीं मिला और उन्होंने पिता की जान ले ली। मंझावन चौकी इंचार्ज गीता सिंह ने मृतक के परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सहयोग | नीदरलैंड की राजदूत ने टेनरी का किया दौरा, व्यापार की चुनौतियों पर की चर्चा

# प्रदूषण दूर करने की तकनीक देगा नीदरलैंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नीदरलैंड की राजदूत मरीसा गेराड्र्स का स्वागत करते सीएलई के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद इराकी व पूर्व अध्यक्ष जावेद इकबाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नीदरलैंड ने शहर के चमड़ा कारोबार की चुनौतियों को दूर करने के लिए टेक्नोलॉजी देने का आश्वासन दिया है। वह चमड़े की कतरन को खत्म करने और उसके वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए सहायता करेगा। मंगलवार को नीदरलैंड की राजदूत मरीसा गेराड्र्स ने चमड़ा कारोबारियों से बातचीत कर उद्योग से जुड़ी समस्याएं समझीं। उन्होंने चमड़ा इकाइयों का दौरा भी किया।

राजदूत मरीसा गेराड्र्स ने काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) से जुड़े कारोबारियों के साथ बातचीत की। अपने दौरे में वे शिवान टेनरी भी गईं, जहां उन्होंने यूपीएलआईए के अध्यक्ष अनवरुल हक के साथ बातचीत की। प्रदूषण निवारण और कानपुर-उन्नाव चमड़ा परिसर में पानी का उपयोग परियोजना के तहत जल उपयोग को कम करने प्रक्रियाओं को सुधारने और प्रदूषण निवारण कार्य पर चर्चा हुई। उन्होंने केएलसी परिसर का दौरा भी किया, जहां उन्होंने सीएलआरआई की आधुनिक प्रयोगशाला को देखा। इसके बाद उन्होंने सोलिडारीडैड की ओर से स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी दौरा किया।

### उद्योग की बताई गईं चुनौतियां

नीदरलैंड की राजदूत ने सीएलई के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में पदाधिकारियों ने नीदरलैंड की ओर से पूर्व में किए गए सहयोग और उसके बेहतर परिणाम के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सीएलई के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद इराकी, यूपीएलआईए उन्नाव चेप्टर के सेक्रेटरी ताज आलम, यूपीएलआईए के अध्यक्ष अनवर उल हक ने अपने विचार रखे। चुनौतियों पर चर्चा के बाद नीदरलैंड की राजदूत ने उनकी समस्याओं पर जल्द निदान की बात कही। बैठक के दौरान नीदरलैंड्स के कॉन्सुलेट शरद थाड़ानी, पीयूएम इंडिया का प्रतिनिधि पियूश रमन, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सीएलई जावेद आलम शामिल रहे।

# कारोबारी से धोखाधड़ी कर हड़पे 4.15 करोड़, सात पर रिपोर्ट



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

**अमृत विचार।** काकादेव निवासी कारोबारी ने श्याम लीला फैशन हाउस डायरेक्टर समेत समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी,अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में कलक्टरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने आरोप है कि आरोपियों ने उनके 4.15 करोड़ रुपये हड़प लिया। पैसे देने के एवज में प्लॉट देने की पेशकश की, प्लॉट देने का दबाव बनाने पर पिस्टल दिखा कर जान से मारने की धमकी दी।

काकादेव निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 11 जनवरी 2018 को उनके बेटे विकास बरयानी के खाते से एक करोड़ रुपये व पत्नी अंजू बरयानी के खाते से एक करोड़ व 15 लाख नकद काहूकोटी स्थित श्यामलीला फैशन हाउस को दिया गया था। बताया कि इसके बाद 50-50 लाख करके चार बार में दो करोड़ रुपये फैशन हाउस को दिया गया। इस तरह कुल 4.15 करोड़ रुपये दिए गए। रुपये मांगने पर वर्ष 2018 में फैशन हाउस के डायरेक्टर गोवर्धन दास खत्री, आत्मा प्रकाश खत्री उर्फ आनंद खत्री, व तुलसी खत्री, हरीश खत्री द्वारा विकास को 11 अप्रैल 2018 को 50 लाख व एक जुलाई को 50 लाख की दूसरी चेक दी गई। इसी प्रकार पत्नी अंजू को एक करोड़ रुपये की चेक दी गई। आरोप है कि इसके बाद रुपये मांगे तो फैशन हाउस के डायरेक्टर ने मना कर दिया। बताया कि वर्ष 2019 में श्यामलीला फैशन हाउस पहुंचे तो गोवर्धन दास, आत्मा प्रकाश, तुलसी व हरीश सभी भाइयों से मुलाकात हुई। सभी ने कर्ज अदा करने का आश्ववासन देकर चेक न लगाने की बात कही। सतीश ने बताया कि इस दौरान वह स्वरुप नगर स्थित घर गए, जहां आनंद खत्री व उनकी पत्नी मिली खत्री ने 2.15 करोड़ रुपये अदा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गोवर्धन खत्री का देहांत हो गया, जिसके बाद राजगोपाल खत्री व रोमाना खत्री फर्म के डायरेक्टर बने। सतीश ने बताया कि इसके बाद उन्हें 70 लाख रुपये की चेक दी गई। जिसमें 25 लाख रुपये की चेक मिली खत्री ने दी। बताया कि इसके बाद सभी भाईयां ने स्वरुपनगर स्थित 1200 वर्ग गज प्लॉट में से चार सौ गज प्लाट देने का वादा किया और मूल कागज बैंक में रखे होने की बात कह कर प्लॉट की फोटो कॉपी भी दी। बताया कि इसके बाद आरोपी टाल मटोल करने लगे। 15 फरवरी को वह फैशन हाउस गए तो तुलसी खत्री समेत दो अन्यलोगों ने पिस्टल दिखा कर फोटो कॉपी छीन ली और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कलक्टरगंज थाने में आनंद खत्री, राजगोपाल खत्री, तुलसी खत्री, हरीश खत्री, व रोमान खत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गुमटी गुरुद्वारे से 6 बजे शुरू होगा मोदी का रोड शो

## पार्षदों को भीड़ लाने की सौंपी गई जिम्मेदारी, 42 ब्लॉक में खड़े होंगे भाजपा कार्यकर्ता

**4 मई को आएंगे पीएम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 4 मई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शाम 6 बजे गुमटी गुरुद्वारे से शुरू होगा जो गुरुद्वारे से गुमटी बाजार और संतनगर चौराहा पहुंचेगा और कालपी रोड फजलगंज तक जाएगा। रोड शो कुल 11 गलियों के सामने से गुजरेगा। रोड शो में 4 विधानसभाएं शामिल की गई हैं। हर विधानसभा के पार्षदों को एक-एक गली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रूट में 42 ब्लॉक बनेंगे जिसमें भाजपा कार्यकर्ता और नेता नजर आयेंगे।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मंगलवार को होटल सेलिब्रेशन में तैयारी बैठक की। रोड शो के प्रभारी व प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी और महापौर प्रमिला पांडेय की उपस्थिति में हुई बैठक में शहर के सभी भाजपा पार्षद मौजूद रहे। प्रकाश पाल ने कहा कि रोड शो में शामिल होने के लिए भाजपाई पीले चावल बांटकर लोगों को आमंत्रित करेंगे। भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी भी इन्हीं पार्षदों को होगी। प्रत्येक पार्षद को पांच सौ की भीड़ साथ लाने का टारगेट दिया गया है। रोड शो में करीब दो लाख लोगों को एकत्र करने की तैयारी है। बैठक में महापौर ने बताया कि 3 मई को शाम 6 बजे और 4 मई को सुबह 6 बजे से रोडशो के पूरे रूट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सभी पार्षदों को भी इसमें शामिल होने के लिए कहा गया है। गलियों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बैठक का संचालन पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने किया। बैठक में आनंद राजपाल, सुनील तिवारी, अनूप अवस्थी, संतोष साहू सहित सभी वार्डों के भाजपा पार्षद रहे।



तैयारी बैठक करते प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडे व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

### देर रात रूट का निरीक्षण करने पहुंचे नेता

**कानपुर।** रोड शो का मार्ग तय होते ही देर रात कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश मंत्री वसंत त्यागी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, अनूप अवस्थी समेत नेताओं ने गुमटी गुरुद्वारा से लेकर संत नगर चौराहे तक पैदल निरीक्षण करते हुए हर एक पॉइंट को देखा। पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी आएंगे। गुरविंदर छाबड़ा, अनिल दीक्षित, अशोक मिश्रा, आलोक मिश्रा, अंकित रहे।

### पार्षदों से मिल सकते हैं मोदी

महापौर ने प्रस्ताव दिया कि गुमटी गुरुद्वारे के पास सभी भाजपा पार्षदों की मुलाकात कराई जाए। इस प्रस्ताव पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पीएमओ को इससे अवगत कराया जाएगा, वहां से जैसा फैसला होगा, उसी आधार पर कार्यक्रम तय होगा। भीड़ जुटाने के लिए सामाजिक संगठनों और अन्य समाज के अन्य वर्गों को भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### रोड शो से पहले भाजपा करेगी वालेंटियर सम्मेलन

**कानपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो से पहले भाजपा सोशल मीडिया विभाग बड़ा वालेंटियर सम्मेलन आयोजित करेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया टीम के सदस्यों की बैठक में यह तय किया। सम्मेलन में शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाग लेंगे। कानपुर और अकबरपुर लोकसभा का संयुक्त सोशल मीडिया सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें दोनों लोकसभा की 10 विधानसभाओं से सोशल मीडिया वॉलिंटियर एवं इनफ्लुएंसर कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन होने के बाद दो हजार साइबर योद्धा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का लाइव प्रसारण करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक महेंद्र विक्रम सिंह, हर्ष द्विवेदी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, जन्मेजय सिंह, सरदार जसविंदर सिंह आदि रहे।

### मोदी, योगी के बड़े कटआउट से सजेंगी सड़कें

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में किदवई नगर , छावनी और महाराजपुर विधानसभा पार्टी कार्यालयों में अलग अलग मंडलों की बैठकें संपन्न हुईं। शिवराम सिंह ने कहा कि 11 मई से पूर्व पार्टी कार्यकर्ता तीन बार घर-घर कुंडी खटखटाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि रोड शो से पूर्व तीन व चार मई को शहर की सड़कों पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर सड़कों को रंगोली से सजाया जाएगा। रोड शो वाले रूट को सड़क किनारे पीएम मोदी और योगी के बड़े बड़े कट आउट एवं होल्डिंग बैनर से सजाया जाएगा। बैठक में रामशरण कटियार, कौशल किशोर दीक्षित, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, रामदेव शुक्ला, सुरेंद्र चौहान, गणेश शुक्ला, शिवपूजन सविता, अर्जुन बेरिया, शैलेंद्र त्रिपाठी, अर्चना आर्या रहे।

### मोदी के रोड शो के लिए हटाया अतिक्रमण

- पीएम मोदी के रोड शो के लिये नगर निगम ने रूट पर सफाई कार्य शुरू करा दिया है। मंगलवार को गुमटी गुरुद्वारे के बाहर सड़क किनारे बने अतिक्रमण को ढहा दिया गया। इस के साथ ही रूट से होर्डिंग बैनर, तारों को भी हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। नगर निगम ने रूट के लिये करीब 50 सफाई कर्मचारियों को उतार दिया है। इसके अलावा चकेरी से लेकर जीटी रोड और कालपी रोड पर भी जोन वाइज सफाई कार्य, पेटिंग शुरू कराया है। पूरे रूट पर रोड शो से पहले अतिक्रमण अभियान भी चलेगा। यह टीमें सुबह से लेकर रात तक अलग-अगल शिफ्ट में काम करेंगी।



अतिक्रमण हटाया गया। अमृत विचार




पुलिस कार्यालय में बैठक करते पुलिस कमिश्नर व अन्य अफसर।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगेंगे 3000 पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में करीब 3000 पुलिसकर्मी तैनात होंगे। अभी तक सीएसए में प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारे जाने की योजना थी लेकिन पीएमओ से परमीशन नहीं दी गई। जिसके बाद निराला नगर मैदान पर प्रधानमंत्री के लिए तीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए चौथा हैलीपैड बनाया जा रहा है। दूसरा स्थान चकेरी एयरपोर्ट है जिसे विकल्प मंज रखा गया है। चकेरी एयरपोर्ट से बाई रोड पीएम को लाने के लिए तमाम ट्रैफिक और सुरक्षा समस्या होगी। जिसकी वजह से निराला नगर ग्राउंड को ही जिला प्रशासन सुरक्षित मान रहा है। प्रधानमंत्री गुमटी गुरुद्वारे में मत्था भी टेकेंगे।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा में 3000 पुलिसकर्मी लगेंगे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सीएम का हेलीकॉप्टर रात के समय निराला नगर ग्राउंड से नहीं उड़ पाएगा, इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को निराला नगर ग्राउंड में ड्रॉप करने के बाद हेलीकॉप्टर चकेरी में खड़ा किया जाएगा। रोड शो के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर चकेरी एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना होगा।

- निराला नगर में प्रधानमंत्री के लिए तीन और मुख्यमंत्री के लिए एक हैलीपैड बना
- चकेरी को भी विकल्प में रखा गया, पीएमओ को रूट और हेलीकॉप्टर उतरने की भेजी जानकारी
- गुमटी में रोड शो, एक तरफ अकबरपुर तो दूसरी तरफ लगता है कानपुर लोकसभा क्षेत्र

### दिल्ली और लखनऊ से स्नाइपर्स और कमांडो आएंगे

- प्रधानमंत्री के आने से 24 घंटे पहले दिल्ली और लखनऊ से स्नाइपर्स ओर गरुड़ कमांडो कानपुर आएंगे। लोकल इंटेलिजेंस के साथ इंटेलिजेंस की टीम शहर में सक्रिय कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी एक टीम नजर रखे हुए है।

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा में रहेगी इतनी फोर्स

| | |
|---|---|
| एसपी रैंक के अधिकारी | 12 |
| एडीसीपी | 24 |
| एसीपी | 40 |
| पीएसी | 3 कंपनी |
| रस्सा पार्टी | 30 |
| रूफ टॉप और बॉल्कनी | 300 |
| स्नीफर डॉग | |
| स्नाइपर्स (पीएम के साथ मौजूद रहेंगे)। | |



### रूट सीसीटीवी से लैस, दो कंट्रोल रूम बने


- पुलिस ने दो कंट्रोल रूम बनाए हैं। पहला कंट्रोल रूम कबाड़ी मार्केट में होगा, जिससे पूरे रूट पर लगे सीसीटीवी अटैच किए जा रहे हैं। गुमटी क्षेत्र से पीएम का रोड शो प्रस्तावित है। रोड शो में एक तरफ अकबरपुर तो दूसरी तरफ कानपुर लोकसभा का क्षेत्र आएगा। दूसरा कंट्रोल रूम फजलगंज थाने में बनाया गया है। मुख्य कंट्रोल रूम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूट और रोड शो के रूट पर नजर रखी जाएगी।

# अस्थाई वाहन पार्किंग रूट डायवर्जन होगा

- भारी वाहनों के नगर प्रवेश पर रहेगी रोक
- सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने विभिन्न विभागों, वायुसेना के अधिकारियों के साथ पुलिस कार्यालय में गोष्ठी की। सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, वाहनों के लिए अस्थाई पार्किंग और सभा स्थल की ओर आने वाले मार्गों पर नो एंट्री के साथ ही वाहनों के मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण कक्ष व रूट मार्गों पर सीसीटीवी लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। रूट व सभास्थल के आसपास के मकानों में रहने वालों का सत्यापन कराने के साथ ही चलित शौचालय, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा की गई। मार्गों को दुरुस्त कराने व लटकते तारों को सही कराने के लिए निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त हरीश चन्दर, एडिशनल सीपी हेडक्वार्टस एवं क्राइम विपिन मिश्रा, एडीएम सिटी राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त, अपर नगर मजिस्ट्रेट एसीएम प्रथम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभी डीसीपी व एडीसीपी शामिल रहे।



कार्यालय उद्घाटन में मौजूद अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी राजाराम पाल, तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक नरेंद्र शर्मा, विधायक अमिताभ वाजपेयी, हसन रूमी व अन्य।

## कार्यकर्ता खुद को समझें राजाराम

**कानपुर।** रूमा स्थित अयोध्या विहार वीआर गैलेक्सी में मंगलवार को महाराजपुर विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक नरेंद्र शर्मा ने किया। प्रत्याशी राजाराम पाल ने कहा कि जनता और प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को राजाराम मानते हुए अपने गांव व वार्डों के घर-घर पहुंचकर वोट डलवाने का काम करे।

इंडिया गठबंधन से अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी राजाराम पाल, आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेयी, कैंट विधायक हसन रुमी, पूर्व विधायक राम कुमार व पूर्व विधायक जगराम सिंह ने फीता काटा। जनसभा में मुख्य अतिथियों ने कहा कि प्रत्याशी के जीवन का उद्देश्य गरीब, किसान, मजदूरों व बेसहारा लोगों के लिए सुगमता के साथ उपलब्ध रहना है। विधायक अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि हम सब 13 मई तक एक-एक बूथ पर निगाह रखते हुए अपने लोगों का शत-प्रतिशत वोट डलवाने की जिम्मेदारी लेते हैं। विधायक हसन रुमी ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से जनता परेशान है। भाजपा सरकार संविधान को बदलने, लोकतंत्र को खत्म करने की बात कह रही है, जिससे सभी पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक व गरीब जनता भयभीत हैं।

## रोड शो में 10 से अधिक वाहनों की परमीशन नहीं

**कानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को आचार संहिता के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रोड शो के लिए अधिकतम वाहनों की संख्या 10 निर्धारित की गई है। सख्त हिदायत दी कि नियमों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। प्रचार वाहन में प्रत्येक वाहन की परमीशन होना अनिवार्य है। अनुमति न होने पर वाहन सीज होगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं को अखबार या टीवी चैनलों के माध्यम से अपने ऊपर दर्ज आपराधिक इतिहास की जानकारी तीन बार तय तारीखों में देनी होगी। नगर सीट में होने वाली जनसभा, रोडशो व अन्य कार्यक्रम के लिए एसीएम-3 और अकबरपुर सीट पर एसडीएम सदर से परमीशन लेनी वाहन में 50,000 से अधिक की नगदी और 10,000 से अधिक मूल्य की प्रचार सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। चुनाव आयोग के साफ निर्देश हैं।



असीम अरुण के साथ रमेश अवस्थी, दीपू पांडे व अन्य। अमृत विचार

## अखिलेश भारी मतों से हारेंगे: असीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** कन्नौज सदर से विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अखिलेश यादव ने कन्नौज को गढ़ बनाकर बड़ी गलती कर दी है। वह बड़े मतों से हारने जा रहे हैं। उनके आने से बस यह हुआ है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ गया है। नेहरू नगर स्थित अंध विद्यालय में आयोजित अनुसूचित जाति वर्ग सम्मेलन में पहुंचे असीम अरुण ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता एक भ्रम फैला रहे हैं कि मोदी जी पूरा संविधान को बदल देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे। भाजपा को ऐसा करना होता तो 10 वर्षों के कार्यकाल में कर चुकी होती।

असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहब हम सभी के हित में ऐसा आशीर्वाद देकर गए हैं कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पद पर हो संविधान नहीं बदल सकता है। भाजपा सामाजिक न्याय की अवधारणा की पक्षधर है। मोदी जी ने हमारी बहनों को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। सम्मेलन में प्रत्याशी रमेश अवस्थी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, पूर्व मंत्री सतीश जाटव, अवधेश सोनकर, पूर्व विधायक महेश वाल्मीकि, किशन लाल सुदर्शन आदि रहे।

## सपा के मुखबिरों की रिपोर्ट तैयार की गई

**कानपुर ।** समाजवादी पार्टी के भितरघातियों और मुखबिरों की आकलन समिति ने रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कहा गया है कि सपा कार्यकर्ताओं को कुछ लोगों द्वारा बरगलाकर बांटने और पार्टी से तोड़ने का काम किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं से मुखबिरी कराने और सपा से मिले रहकर दूसरे दल के प्रत्याशी के लिए काम करने का ऑफर तक दिया जा रहा है। ऐसे लोगों की रिपोर्ट हाईकमान को भेजी जाएगी। चेतावनी दी गई है कि ऐसा कृत्य करने वालों को सपा बर्दाश्त नहीं करेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडिया गठबंधन से कानपुर नगर लोकसभा सीट प्रत्याशी आलोक मिश्रा को जिताकर समाजवादी पार्टी इस बार नया इतिहास रचना चाहती है। लेकिन पार्टी में ही कुछ लोग हैं जो सपा व कांग्रेस के इन मंसूबों पर पानी फेरना चाहते हैं। पार्टी में रहकर ही कुछ लोग कार्यकर्ताओं को तोड़ने का काम कर रहे हैं।



जनता की समस्याएं सुनते देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

## मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए किया काम -भोले

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने मंगलवार को लोकसभा के अंतर्गत आने वाली घाटमपुर विधानसभा के भैरमपुर, कोरिया, ललौली, शाकाहारी, हरबंशपुर, गिरजापुर, पचपरेहटा, घटना बुजुर्ग, किशोरपुर, बरीमहतैन, निमिया खेड़ा, चंदापुर, कमलापुर, नवदी, कुआं खेड़ा, असधना, शेखपुर, मेहर, अलीपुर, क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क व बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की बात कही। प्रत्याशी भोले ने समर्थकों से कहा हमें कार्यकर्ता धर्म का पालन करते हुए अपने सभी कार्य करने हैं। अबकी बार चार सौ पार के लिए 13 मई मतदान पूर्ण होने तक हम सबको चौबीसों घंटे परिश्रम के साथ-साथ सजग निगाह रखने की आवश्यकता है। जनसंपर्क एवं बैठकों में प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान, विजय सचान, मनोज सिंह, कमलेश त्रिवेदी, वेद व्रत सचान, अवनीश साहू, प्रेमनाथ बिश्नोई, संदीप पाल, रामस्वरूप कटियार, उपेंद्र सचान, बब्बू सचान साथ रहे।

# बेरोजगारों को धोखा दे रही है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने जनसंपर्क किया और वोट मांगा। उनके साथ आप, सपा और कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कानपुर के विकास केक लिए उनकी जीत जरूरी है। ओमपुरवा जगईपुरवा चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवा बेरोजगार हैं, लाखों रुपये पढ़ाई में खर्च करने के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। बीजेपी सरकार कह रही बेरोजगारी खत्म हो रही है। भाजपा हटाओ और नौकरियां पाओ। उन्होंने कुली बाजार में गठबंधन की ओर से आयोजित संयुक्त सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्जा माफ किया है। इंडिया गठबंधन किसानों का पूरा कर्जा माफ करेगा। हम गरीबों को आटा के साथ डाटा भी मुफ्त देंगे। भाजपा ने बहुत धोखा दिया है। इनकी हर बात झूठी निकली है। आरोप लगाते हुए कहा कि 10 साल में 1 लाख किसानों ने आत्महत्या की है। जबकि इनकी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती है। पेपर लीक, अग्निवीर पर भी सरकार को घेरा। कहा कि जैसे फौज में चार साल की नौकरी दी जा रही है उसी तरह पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देगी भाजपा सरकार। इस दौरान अवनीश सलूजा, रवि तिवारी, सम्राट विकास, करिश्मा ठाकुर, कांग्रेस नगर सचिव मो.रफीक आदि रहे।



जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

**जनचौपाल** | महिला मंच ने आयोजित किया संवाद कार्यक्रम, किए सवाल-जवाब

# महिलाओं ने प्रत्याशियों से शराब बंदी की मांग की

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महिला मंच के तत्वावधान में संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रत्याशियों से शराब बंदी की मांग की। प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों ने महिलाओं के सवालों के जवाब दिए। अध्यक्षता महिला मंच की संस्थापक नीलम चतुर्वेदी ने की।

मर्चेन्ट चैंबर हाल में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक मिश्रा, बसपा के प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया व भाजपा से विधायक सुरेंद्र मैथानी व सर्वजन पार्टी से अशोक पासवान थे। महिलाओं ने उनसे सीधा संवाद किया। घरेलू कामगार महिलाओं की समस्याओं में वेतन आदि का मसला उठाया गया। आलोक मिश्रा ने कहा कि कहा कि यदि मैं जीतकर आता हूं तो अपने एजेंडे में मुख्य रूप से महिलाओं को और बेरोजगार ग्रेजुएट को एक 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का ग्रुप में कार्य करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कोई भी स्कूल सीपीसी के अनुसार 10% से अधिक फीस नहीं बढ़ा सकता है।




संवाद में महिलाओं ने प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों से सवाल किए। अमृत विचार

नौकरियों की समस्या भी उठाई गई। एडवोकेट मनीषा मिश्रा ने सस्ती शिक्षा की बात कही। बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए योजनाएं और कानून लाएंगे। भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के प्रतिनिधि सुरेंद्र मथानी ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से लेकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा अनेक कार्य किये गए हैं। कार्यक्रम में मंजू जैन, भावना मिश्रा अर्चना, नूपुर, पुष्पा तिवारी, मनीषा, नीता जैन ,प्रो मृदुला शुक्ला, डॉ पूर्णिमा तिवारी, नीरू चौहान, रितु, सोनल गॉड, क्षमा पांडे, डॉ संतोष त्रिपाठी मौजूद रहीं। नीलम चतुर्वेदी प्राची त्रिपाठी पुष्पा तिवारी अर्चना पांडे प्रभावती माया कुरील ममता गुप्ता कंचन शर्मा किरण तिवारी मीणा प्रताप राकेश अग्रवाल आदि की भी भागीदारी रही ।

